**भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण**

**उड़ान निरीक्षण एकक,**

**सफदजंग हवाई अड्डा, नई दिल्ली-110003**

**विषय: उड़ान निरीक्षण एकक, सफदरजंग हवाई अड्डा, नई दिल्ली में संविदा के आधार पर एनएसओपी पद धारकों - प्रशिक्षण प्रमुख एवं सतत उड़न-योग्यता प्रबंधक (सीएएमओ पद धारक) की भर्ती के लिए विज्ञापन।**

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (भाविप्रा), अनुसूची- 'ए' मिनी रत्न श्रेणी-1 भारत सरकार के सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम को देश में नागर विमानन क्षेत्र में ग्राउंड एवं एयर स्पेस में अवसंरचना के निर्माण, उन्नयन, रखरखाव और प्रबंधन की ज़िम्मेदारी सौंपी गई है। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण, नागर विमानन महानिदेशालय भारत द्वारा जारी 'नॉन-शेड्यूल्ड ऑपरेटर परमिट' (एनएसओपी) का धारक है, जिसका उद्देश्य हवाई कार्य (सीएनएस सुविधाओं का फ़्लाइट कैलिब्रेशन) करना है।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण की उडान निरीक्षण एकक के पास चार विमान हैं अर्थात डोर्नियर डीओ-228(वीटी-ईपीयू), एसकेए बी-350 (वीटी-उनिए) और एसकेए बी-360 (वीटी-सीएनएस और वीटी-एफआईएस)। ये सभी विमान फ़्लाइट कैलिब्रेशन सेवाओं के लिए पूरी तरह से स्वचालित उड़ान निरीक्षण प्रणाली (एएफआईएस ) से युक्त हैं। यह प्रणाली जीएनएसएस प्रौद्योगिकी का बड़े पैमाने पर इस्तेमाल करती है और खराब मौसम तथा कम दृश्यता की स्थिति में भी प्रयोग की जा सकती है। यह एक अत्याधुनिक प्रणाली है, जो पूरी तरह से कंप्यूटराइज्ड है और सीएटी-III आईएलएस की उड़ान -टेस्टिंग करने में सक्षम है। यह एसबीएएस, आरएनएवी, आरएनपी, एलपीवी प्रक्रियाओं और एडीएस-बी जैसे आधुनिक प्रणाली की उड़ान -टेस्टिंग की आवश्यकताओं को पूरा करने में सक्षम है।

यह सिस्टम निम्नलिखित सुविधाओं की फ़्लाइट टेस्टिंग करने में सक्षम है: आईएलएस सीएटी-III तक, वीओआर (सीवीओआर / डीवीओआर), डीएमई, एनडीबी, वीजीएसआई (पीएपीआई, वीएएसआई), रडार (एएसआर /एमएसएसआर), जीबीएएस/आरएनएवी, आरएनपी, एलपीवी प्रक्रियाएँ आदि।

**भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण जो महानिदेशक नागर विमानन, भारत सरकार द्वारा जारी नॉन शेड्यूल ऑपरेटर परमिट (एनएसओपी) धारक भी है**, संविदा के आधार पर निम्नलिखित एनएसओपी पदों के लिए पात्र आवेदकों से आवेदन आमंत्रित करता है:

| क्र. सं. | एनएसओपी पद का नाम | पदों की संख्या | पात्रता मानदंड |
|---|---|---|---|
| 1 | प्रशिक्षण प्रमुख | 01 | i.प्रस्तावित प्रचालन श्रेणी के अनुरूप रेटिंग सहित भारतीय एटीपीएल / सीपीएल / एफएटीए लाइसेंस धारक हों या पूर्व में ऐसे लाइसेंस धारक रहे हों।<br>ii. उम्मीदवार ऑन-टाइप अनुभव को छोड़कर डीई / टीआरई / टीआरआई / एलटीसी / चेक के रूप में नियुक्ति हेतु निर्धारित मानकों को पूरा करता हो या उन्हें पूरा करने के योग्य हो। |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | अथवा<br>उम्मीदवार के पास निम्नलिखित न्यूनतम योग्यताएँ होनी चाहिए:<br>ए) कुल उड़ान अनुभव: 2500 घंटे<br>बी) मल्टी-इंजन या जेट इंजन विमान पर कुल कमांड अनुभव: 1250 घंटे<br>सी) कुल इंस्ट्रूमेंट फ्लाइंग अनुभव: 250 घंटे<br><br>iii. इस पद पर नियुक्त व्यक्ति को डीजीसीए के सीएआर सेक्शन 3, एयर ट्रांसपोर्ट सीरीज़ 'सी', पार्ट III, इश्यू III में निर्धारित सभी आवश्यकताओं/ पात्रता मानदंडों को पूरा करना अनिवार्य होगा \| |
| 2. | सतत उड़न-योग्यता प्रबंधक /सीएएमओ पद धारक | 01 | **i.** उम्मीदवार के पास एयरोनॉटिकल, मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल, इलेक्ट्रॉनिक्स, एवियोनिक्स इंजीनियरिंग में डिग्री होनी चाहिए अथवा वह एयरक्राफ्ट मेंटेनेंस टेक्नीशियन हो या उम्मीदवार ने विमान/विमान घटकों के रख-रखाव एवं सतत उड़न - योग्यता से संबंधित अध्ययन किया हो।<br><br>ii. उम्मीदवार के पास विमानन उद्योग में विमान रख-रखाव तथा/या सतत उड़न - योग्यता प्रबंधन से संबंधित कार्यों का न्यूनतम 05 वर्ष का अनुभव होना चाहिए।<br><br>iii. उम्मीदवार एसएमएस उत्तीर्ण होना चाहिए।<br><br>iv. उम्मीदवार को डीजीसीए के नियमों तथा विमान के प्रचालन/ रख-रखाव को नियंत्रित या प्रभावित करने वाले प्रासंगिक विधिक प्रावधानों का समुचित ज्ञान होना चाहिए।<br><br>v. उम्मीदवार को कंप्यूटर अनुप्रयोगों, जैसे दस्तावेज़ीकरण, ई-मेल, प्रस्तुतीकरण, एक्सेल वर्कबुक आदि का अच्छा ज्ञान होना चाहिए।<br><br>vi. इस पद पर नियुक्त व्यक्ति को डीजीसीए सीएआर- सीएएमओ में निर्धारित सभी पात्रता एवं आवश्यकताओं को पूरा करना अनिवार्य होगा। |

**1. कर्तव्य और जिम्मेदारियां : वर्तमान डीजीसीए सीएआर और भाविप्रा द्वारा सौंपे गए अन्य संबंधित कार्यों के अनुसार।**

**2. आयु सीमा:**

परामर्शदाताओं की नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा 65 वर्ष तक होगी। हालाँकि, उसे काम के लिए आवश्यक विशेषज्ञता के स्तर और स्वास्थ्य स्थितियों के अधीन अधिकतम 70 वर्ष की आयु तक परामर्शदाता के रूप में पुनः नियुक्त किया जा सकता है। आयु की गणना भाविप्रा की वेबसाइट पर विज्ञापन प्रकाशित होने की तिथि के अनुसार की जाएगी।

**3. संविदा अवधि:**

संविदा अवधि 3 (तीन) वर्ष की होगी, जिसे संतोषजनक कार्य निष्पादन एवं आपसी सहमति के आधार पर 2 (दो) वर्षों के लिए बढ़ाया जा सकेगा।

**4. मासिक पारिश्रमिक:**

मासिक पारिश्रमिक/मासिक पैकेज उद्योग मानक के अनुसार 75,000 रुपये से 1,50,000 रुपये तक नेगोशिएबल होगा।

**5. वार्षिक वेतन वृद्धि:**

नेगोशिएबल मासिक पैकेज पर 5% की वार्षिक वेतन वृद्धि दी जाएगी।

**6. अन्य नियम एवं शर्तें:**

**6.1 स्त्रोत पर कर कटौती (टीडीएस):**

आयकर या कोई अन्य कर जो प्रचलित नियमों के अनुसार कटौती के लिए लागू है, भुगतान करने से पहले स्रोत पर कटौती की जाएगी जिसके लिए विभाग टीडीएस प्रमाण पत्र जारी करेगा। सेवा कर/जीएसटी, यदि लागू हो, प्रचलित दरों पर अतिरिक्त देय होगा।

**6.2 भत्ते:**

परामर्शदाता किसी भी भत्ते जैसे महंगाई भत्ता (डीए), आवासीय टेलीफोन, परिवहन सुविधा, निजी कर्मचारी आवासीय व्यवस्था, चिकित्सा प्रतिपूर्ति आदि के लिए पात्र नहीं होंगे।

**6.3 यात्रा भत्ता और महंगाई भत्ता (टीए/डीए):**

(i) नियुक्त होने पर या उसके पूरा होने पर कोई टीए/डीए स्वीकार्य नहीं होगा।

(ii) हालांकि, सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन के बाद आधिकारिक कार्य के सिलसिले में देश के भीतर यात्रा के लिए परामर्शदाता को टीए/डीए की अनुमति दी जाएगी।

(iii) सेवानिवृत्त सरकारी कार्मिक और पीएसयू से सेवानिवृत्त अधिकारी परामर्शदाता के रूप में नियुक्त किए गए हैं, वे सेवानिवृत्ति के समय प्राप्त अपनी अंतिम पात्रता के अनुसार हकदार होंगे।

(iv) सेवानिवृत्त सरकारी/पीएसयू अधिकारियों के अतिरिक्त अन्य पद धारकों के लिए, सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन के बाद टीए/डीए के लिए उनकी पात्रता का निर्णय मामले-दर-मामले के आधार पर किया जाएगा।

**6.4 . उपस्थिति और छुट्टी :**

i. परामर्शदाताओं को भाविप्रा कार्मिकों की नियुक्ति के स्थान पर उपस्थिति प्रणाली के अनुरूप रिपोर्टिंग के स्थान पर अपनी बायोमेट्रिक/मैनुअल उपस्थिति को दैनिक रूप से चिह्नित करना होगा।

ii. परामर्शदाता एक कैलेंडर वर्ष में प्रो-रोटा आधार पर 15 दिनों की छुट्टी के लिए पात्र होंगे।

iii. एक कैलेंडर वर्ष में अनअवेल छुट्टी को अगले कैलेंडर वर्ष में आगे नहीं ले जाया जा सकता है या कार्यकाल के अंत में उसे एनकैश नहीं किया जा सकता ।

iv. अवकाश और अनुमत छुट्टियों के अलावा ड्यूटी से अनुपस्थिति के मामले में, परामर्श शुल्क/मासिक पारिश्रमिक से आनुपातिक भुगतान काटा जाएगा।

v. भाविप्रा परामर्शदाता की सेवाओं को समाप्त करने के लिए स्वतंत्र होगा यदि परामर्शदाता एक कैलेंडर वर्ष में हकदार छुट्टी से अधिक 15 दिनों तक अनुपस्थित रहता है।

**6.5 अनुबंध और स्वीकृति पत्र:**

चयनित परामर्शदाता और भाविप्रा के बीच एक अनुबंध किया जाएगा जिसमें परामर्शदाताओं को नियुक्त करने की शर्तों को निर्दिष्ट किया जाएगा, जिसमें निम्नलिखित शामिल हैं:

i. कार्य क्षेत्र

ii.परामर्शदाता को दिया जाने वाला पारिश्रमिक/शुल्क |

iii. स्रोत पर कर कटौती |

iv. परामर्शदाता द्वारा भुगतान किए गए सेवा कर/जीएसटी का भुगतान |

v.घरेलू यात्रा आवश्यक है और टीए/डीए के संदर्भ में इसके लिए पात्रता |

vi. भाविप्रा द्वारा कार्यालय स्थल, अन्य अवसंरचना आदि के संदर्भ में प्रदान की जाने वाली सुविधाएं।

vii. परामर्शदाता से अपेक्षित असाइनमेंट की डिलिवरेबल्स

viii.यह अनुबंध परामर्शदाता और भाविप्रा दोनों पर लागू होगा |

**6.6 अनुबंध की समाप्ति**: भाविप्रा निम्नलिखित आधारों पर अनुबंध को समाप्त कर सकता है:

i. यदि आवेदक द्वारा दी गई जानकारी किसी भी स्तर पर झूठी पाई जाती है तो उसे भाविप्रा द्वारा अयोग्य ठहराया जाएगा और उपर्युक्त कार्रवाई की जाएगी, इस संबंध में भाविप्रा का निर्णय अंतिम और मान्य होगा।

ii. यदि परामर्शदाता/एनएसओपी पद धारक सौंपे गए कार्यों को करने में असमर्थ है।

iii. सौंपे गए कार्यों की गुणवत्ता विभाग/भाविप्रा की संतुष्टि के अनुरूप नहीं है।

iv. परामर्शदाता, भाविप्रा द्वारा निर्धारित किए गए लक्ष्यों को समय पर हासिल करने में विफल रहता है।

v. परामर्शदाता में ईमानदारी और सत्यनिष्ठा की कमी पाई जाती है।

vi. परामर्शदाता की सेवाएं किसी भी समय एक महीने का नोटिस या नोटिस अवधि के बदले पारिश्रमिक/फीस देकर समाप्त की जा सकती हैं और इस संबंध में भाविप्रा० प्रबंधन का निर्णय अंतिम होगा।

7. **तैनाती का स्थान**: चयनित पद धारकों को उड़ान निरीक्षण एकक (फ्लाइट इंस्पेक्शन यूनिट) सफदरजंग हवाई अड्डा, नई दिल्ली में तैनात किया जाएगा।

**8. चयन मानदंड:**

8.1 एनएसओपी पद धारकों का चयन भाविप्रा वेबसाइट पर दिए गए विज्ञापन के माध्यम से किया जाएगा, तदुपरांत आवेदन के साथ प्राप्त दस्तावेजों के आधार पर शॉर्टलिस्ट किए गए पात्र उम्मीदवारों का साक्षात्कार होगा।

8.2 पद धारकों की नियुक्ति पूर्णकालिक आधार पर होगी और उन्हें संविदा की अवधि के दौरान कोई अन्य कार्य करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

8.3 भाविप्रा के पास इस विज्ञापन को रद्द करने और किसी भी स्तर पर मामले को आगे नहीं बढ़ाने, बिना कोई स्पष्टीकरण दिए किसी भी या सभी प्रस्तावों को स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है।

8.4 इच्छुक उम्मीदवार दिनांक:-**29.07.2026** को या उससे पहले निर्धारित प्रारूप (अनुलग्नक-I) में अपना आवेदन ई - मेल edfiu@aai.aero और FIU.NSOP@aai.aero पर जमा करें। दिनांक **:-29.07.2026** के बाद प्राप्त आवेदन पर किसी भी स्थिति में विचार नहीं किया जाएगा।

8.5 शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों को व्यक्तिगत साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा। आवेदक को व्यक्तिगत साक्षात्कार की तिथि, समय और स्थान की सूचना उसके द्वारा आवेदन में दी गई ई-मेल पर दी जाएगी । व्यक्तिगत साक्षात्कार के लिए उपस्थित होने पर भाविप्रा द्वारा कोई टीए/डीए नहीं दिया जाएगा।

8.6 सरकारी/अर्ध-सरकारी/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में कार्यरत उम्मीदवारों को उचित माध्यम से आवेदन करना होगा या साक्षात्कार के समय अपने वर्तमान नियोक्ता से "अनापत्ति प्रमाण पत्र" लाना होगा, जैसा भी लागू हो।

8.7 चयनित उम्मीदवारों को भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के साथ 100/- रुपये के गैर-न्यायिक स्टांप पेपर पर अनुबंध करना होगा।

**9. आवेदन कैसे करें:**

9.1.इच्छुक और पात्र उम्मीदवार इस विज्ञापन के अनुलग्नक -I के अनुसार निर्धारित प्रारूप में अपना आवेदन जमा करें। विधिवत भरे हुए आवेदन संबंधित दस्तावेजों के साथ ई-मेल **EDFIU@aai.aero** एवं **FIU.NSOP@aai.aero** पर जमा करें।

9.2 "अपूर्ण या अस्पष्ट आवेदन और निर्धारित आवेदन पत्र अनुलग्नक-। के बिना ईमेल के माध्यम से जमा किए गए आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।"

9.3 जांच के बाद शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों को व्यक्तिगत साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा । व्यक्तिगत साक्षात्कार के लिए तिथि, समय और स्थान संबंधी सूचना शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों को आवेदन में उल्लिखित ई-मेल पर दी जाएगी ।

9.4 उम्मीदवार व्यक्तिगत साक्षात्कार एवं मूल दस्तावेजों के साथ सत्यापन के लिए अपने खर्च पर निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित होंगे ।

**9.5 जो अभ्यर्थी एक से अधिक पदों के लिए आवेदन करना चाहते हैं, वे अलग-अलग आवेदन (अनुलग्नक-।) जमा करेंगे।**

**10. आवेदन के साथ जमा किए जाने वाले दस्तावेजों की सूची:**

10.1 स्पष्ट रूप से भरा हुआ आवेदन पत्र (अनुलग्नक-।) जिस पर आवेदन में चिह्नित स्थान पर हाल ही का पासपोर्ट आकार का फोटोग्राफ चिपका हुआ हो।

10.2 जन्म तिथि समर्थित सभी दस्तावेज़ों का एक सेट (10वीं का प्रमाणपत्र), आधार कार्ड, शैक्षणिक योग्यता (12वीं/इंजीनियरिंग डिग्री/डिप्लोमा), तकनीकी/व्यावसायिक योग्यता (एसएमएस, अन्य प्रशिक्षण प्रमाणपत्र आदि), अनुभव प्रमाण पत्र, उड़ान घंटों का प्रमाण (लॉगबुक), अनापत्ति प्रमाणपत्र तथा लाइसेंस की प्रति (एएमई /सीपीएल /एटीपीएल आदि) / आवेदन किए गए पद के लिए लागू एंडोर्समेंट।

10.3 ऊपर उल्लिखित पात्रता शर्तों के समर्थन में कोई अन्य दस्तावेज़, जो संबंधित पद/पदों के लिए लागू हों।

**11. सामान्य:**

11.1 भाविप्रा प्रबंधन भविष्य की आवश्यकता के आधार पर उपर्युक्त समय - सारणी /शर्तों / आवश्यकता/ पदों की संख्या में संशोधन/परिवर्तन करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

11.2 एनएसओपी पद धारकों के लिए शॉर्ट-लिस्ट किए गए उम्मीदवारों को पूर्णतः संविदा के आधार पर नियुक्त किया जाएगा ।

11.3 उम्मीदवारी पूर्णतः अनंतिम है। यदि किसी भी स्तर पर यह पाया जाता है कि किसी भी उम्मीदवार के पास निर्धारित योग्यता/निर्धारित पात्रता मानदंड नहीं है. तो ऐसे मामलों में बिना किसी पत्राचार के उस उम्मीदवार की उम्मीदवारी निरस्त कर दी जाएगी । किसी भी रूप में कैनवसिंग (मतार्थन) पर उम्मीदवार को अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा।

**कार्यपालक निदेशक (उनिए व रेनिविए)**
**भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण**
**सफदरजंग हवाई अड्डा, नई दिल्ली-110003**

**अनुलग्नक - I**

# भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण

## उड़ान निरीक्षण एकक

## सफदरजंग हवाई अड्डा, नई दिल्ली - 110003

आवेदक अपना पासपोर्ट आकार का अद्यतन फोटो चिपकाएं.

**1.** आवेदित पद - **<u>प्रशिक्षण प्रमुख (एनएसओपी पद धारक)</u>**

2 नाम :______________________________________________

3. पिता का नाम :________________________________________

4. पता :_____________________________________________

_________________________________________________________

पिन कोड _____________________________________________

5. संपर्क विवरण:

I. दूरभाष नंबर :________________________________________

II. मोबाइल नंबर :_______________________________________

III. ई-मेल आईडी : ______________________________________

6. जन्म तिथि :__________________________________________

7. आयु (भाविप्रा की वेबसाइट पर विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि के अनुसार )

__________(वर्ष)__________(माह)________(दिन)

8. राष्ट्रीयता :____________________________________

9. आधार नं : ---------------------------------------------------------------

10. पासपोर्ट नं : ---------------------------------------------------------------

**11. शैक्षिक योग्यता: (10+2 से आगे)**

| उत्तीर्ण परीक्षा | विश्वविद्यालय/बोर्ड | परीक्षा उत्तीर्ण वर्ष | विषय | अंकों का % |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |

12. तकनीकी योग्यताएं:

| क्र.सं. | उत्तीर्ण परीक्षा /पाठ्यक्रम/प्रमाणन | विश्वविद्यालय/संस्थान | परीक्षा उत्तीर्ण वर्ष | श्रेणी / अंकों का प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |

13.लाइसेंस विवरण:

| क्र.सं. | लाइसेंस श्रेणी | संख्या/जारी होने की तिथि | वैद्यता | प्राप्त/निश्चित रेटिंग | अभ्युक्तियाँ |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |

14. उड़ान अनुभाग का विवरण

| :क्र.सं. | कुल उड़ान घंटे | मल्टी-इंजन या जेट इंजन पर कमांड का कुल अनुभव | इंस्ट्रूमेंट फ्लाइंग का अनुभव |
|---|---|---|---|
| | | | |
| | | | |
| | | | |

15. रोजगार संबंधी विवरण :

| संगठन | पदनाम | अवधि | | अभ्युक्तियाँ |
|---|---|---|---|---|
| | | से | तक | |
| | | | | |
| | | | | |

नोट:- इस आवेदन पत्र में भरी गई जानकारी के पक्ष में सहायक दस्तावेज़ संलग्न करें।

**16. क्या आपके साथ कोई उड़ान संबंधी घटना/दुर्घटना हुई है? हाँ ----------- नहीं-------------------**
**(यदि हाँ, तो कृपया विवरण दें। दी गई सजा/चेतावनी सहित संक्षिप्त विवरण प्रदान करें)**

**17. कोई अन्य जानकारी**:

**18. घोषणा**

मैं एतद्द्वारा घोषणा करता / करती हूं कि मेरे द्वारा दी गई उपर्युक्त जानकारी मेरे ज्ञान के अनुसार सही हैं । मैं समझता / समझती हूं कि यदि मैंने कोई तथ्यात्मक जानकारी छिपाई है तो मेरी उम्मीदवारी खारिज कर दी जाएगी ।

**दिनांक :** **आवेदक के हस्ताक्षर**

**अनुलग्नक - I**

**भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण**

**उड़ान निरीक्षण एकक**

**सफदरजंग हवाई अड्डा, नई दिल्ली - 110003**

---

1. **आवेदित पद - <u>सीएएम (सीएएमओ पद धारक)</u>**

आवेदक अपना पासपोर्ट आकार का अद्यतन फोटो चिपकाएं.

2 नाम :________________________________________________

3. पिता का नाम :________________________________________

4. पता :_____________________________________________

__________________________________________________________

पिन कोड ______________________________________________

5. संपर्क विवरण:

6. दूरभाष नंबर :__________________________________________

7.मोबाइल नंबर :_______________________________________

8. ई-मेल आईडी : ______________________________________

9. जन्म तिथि :____________________________________________

10. आयु (भाविप्रा की वेबसाइट पर विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि के अनुसार )

___________(वर्ष)___________(माह)________(दिन)

11. राष्ट्रीयता :______________________________________

12. आधार नं : ---------------------------------------------------------------

13. पासपोर्ट नं : ---------------------------------------------------------------

**14. शैक्षिक योग्यता : (10+2 से आगे)**

| क्र.सं. | उत्तीर्ण परीक्षा | विश्वविद्यालय/बोर्ड | परीक्षा उत्तीर्ण वर्ष | विषय | अंकों का % |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |

**15. तकनीकी योग्यताएं:**

| **क्र.सं.** | **उत्तीर्ण परीक्षा /पाठ्यक्रम/प्रमाणन** | **विश्वविद्यालय/संस्थान** | **परीक्षा उत्तीर्ण वर्ष** | **श्रेणी / अंकों का प्रतिशत** |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |

**16.लाइसेंस विवरण:**

| **क्र.सं.** | **लाइसेंस श्रेणी** | **संख्या** | **जारी होने की तिथि** | **वैद्यता** | | **अभ्युक्तियाँ** |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | से | तक | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |

**17. रोजगार संबंधी विवरण :**

| **संगठन** | **पदनाम** | **अवधि** | | **अभ्युक्तियाँ** |
|---|---|---|---|---|
| | | **से** | **तक** | |
| | | | | |
| | | | | |

**नोट:- इस आवेदन पत्र में भरी गई जानकारी के पक्ष में सहायक दस्तावेज़ संलग्न करें।**

**18. कोई अन्य जानकारी**:

**19. घोषणा**

मैं एतदद्वारा घोषणा करता / करती हूं कि मेरे द्वारा दी गई उपर्युक्त जानकारी मेरे ज्ञान के अनुसार सही हैं । मैं समझता / समझती हूं कि यदि मैंने कोई तथ्यात्मक जानकारी छिपाई है तो मेरी उम्मीदवारी खारिज कर दी जाएगी ।

**दिनांक :** **आवेदक के हस्ताक्षर**